हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025

9 डाउन सिंड्रोम बच्चों की ऊर्जा को उबारने की जरूरत ...



10 युवा शक्ति के दम पर विकसित भारत की स....



H.D. Public School Birohar
English Medium Co-Educational Sr. Sec. School
SCHOLARSHIP cum ADMISSION TEST
Sunday 23rd March 2025
Nur. to 9th & 11th Class
All Streams
Science / Comm. / Humanities
Limited Seats
"प्रकाशमय भविष्य की तैयारी"
We Prepare For :
Foundation Classes (6th onwards)
NEET | JEE | NTSE | NDA | MNS
Contact No. : 8059923555, 8607128682

# नप ने शहर में चलाया बंदर पकड़ो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। नप द्वारा चलाए गए अभियान के तहत पकड़े गए वानर।

■ बंदरों के आतंक से नागरिकों को राहत देने के लिए नप ने चलाया अभियान

शहर में पिछले कई दिनों से बंदरों ने उत्पाद मचाया हुआ था, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान थे तथा नगर परिषद से बंदर पकडऩे के लिए विशेष अभियान चलाने की मांग कर रहे थे। नागरिकों की इसी मांग को ध्यान में रखते हुए भिवानी नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप के निर्देशानुसार वन विभाग की सहायता से नगर परिषद ठेकेदार राकेश ने शुक्रवार को शहर में बंदर पकडऩे का अभियान चलाया गया। जिसके बाद नागरिकों को थोड़ी राहत मिली। इस बारे में जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद प्रवीन चावला, पूर्व पार्षद अशोक यादव एवं पवन रखेजा ने बताया कि शुक्रवार को कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर क्षेत्र, लाल मस्जिद गली नंबर-1 व 2 में बंदर पकडऩे का अभियान शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या को देखते हुए चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने उक्त क्षेत्रों में घूम-घूमकर बंदरों को पकडऩे का कार्य किया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से इन क्षेत्रों में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा था। स्थानीय नागरिकों ने शिकायत की थी कि बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने की चीजें उठा ले जाते हैं, राहगीरों पर हमला कर देते हैं और कई बार छोटे बच्चों को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप के आदेशानुसार नगर परिषद ने वन विभाग की सहायता से एक विशेष टीम गठित की तथा टीम ने में पिंजरे और जाल लगाकर कई बंदरों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बंदरों को सुरक्षित रूप से जंगलों में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की इस कार्रवाई से नागरिकों को बंदरों के आतंक से राहत मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे बंदरों को खाने की चीजें न दें, ताकि वे दोबारा रिहायशी इलाकों में न आएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि किसी को बंदरों की अधिक समस्या हो तो वे नगर परिषद को सूचना दें

## बैंक कार्ड की लिमिट रुपये कार्ड में कन्वर्ट करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने बैंक कार्ड की लिमिट रुपए कार्ड में कन्वर्ट करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पाचवे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सागर निवासी भिवानी ने थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 12 जून को उनके मोबाइल नंबर पर एक फोन आया था जो फोन करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर उनके कार्ड की लिमिट रुपए कार्ड में कन्वर्ट करवाने के नाम पर एक लिंक भेजा था जो लिंक को शेयर करने पर आरोपियों के द्वारा बिना किसी ओटीपी के उनके खाते से 27,767 रुपए धोखाधड़ी से निकाल लिए गए थे जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना साइबर क्राइम भिवानी में दर्ज किया था। ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में थाना साइबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही रफीक ने पांचवें आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान आशीष कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी शिव दुर्गा विहार, सूरजकुंड, फरीदाबाद के रूप में हुई है।








जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग



तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।



# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।

### खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



### तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

1. खेल संगठन और टीमें
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
- विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें

2. सरकारी और निजी खेल अकादमियां
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
- निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र

3. विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान
- खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना

4. निजी प्रैक्टिस और परामर्श
- व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (**Psychology**) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री** : स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री** : बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी)** : यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्स्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
- **कोर्स**: एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
- **कोर्स**: बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
- **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
-कोर्स: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
- **कोर्स**: बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- **कोर्स**: बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली**: हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली**: रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद**: ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस**: प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीख:**
- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली**: पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली**: नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद**: रमज़ान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस**: नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**
- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली**: घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली**: दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद**: रमज़ान के रोज़े और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस**: उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**
- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली**: रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली**: परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद**: ज़कात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस**: प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** काराגम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

# आईटी, रिटेल व मीडिया एनीमेशन के विद्यार्थियों ने सीखीं काम की बारीकियां

**होगा फायदा**

- वोकेशनल स्टूडेंट्स को दी जा रही ऑन द जॉब ट्रेनिंग
- चार दिवयीय व्यावयायिक प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को दिए कोर्स संबंधित टिप्स



**चरखी दादरी।** चार दिवयीय व्यावयायिक प्रशिक्षण में भाग लेते वोकेशनल टीचर कुलदीप, शिक्षिका व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद योजना की तरफ से व्यवसायिक कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों की चार दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग करवाई जा रही हैं, जिसमें ट्रेनरों ने विद्यार्थियों को कोर्स की बारिकी के संबंध में जानकारी दी और कोर्स से संबंधित भविष्य के लिए जॉब टिप्स दिए। बस स्टैंड स्थित हारट्रोन संस्था में शहीद राजबीर सिंह राजकीय वमा विद्यालय मौड़ी के नौंवी व ग्यारवीं कक्षा के आईटी व मीडिया एंड एनीमेशन ट्रेड के विद्यार्थियों की ऑन द जॉब ट्रेनिंग करवाई गई। वहीं इसी स्कूल के रिटेल मार्केटिंग के विद्यार्थियों की विशाल मेगा मार्ट में ट्रेनिंग संपन्न हुई। शुक्रवार को शहीद राजबीर सिंह राजकीय वमा विद्यालय मौड़ी के दसवीं व बारहवीं कक्षा के आईटी, रिटेल मार्केटिंग व मीडिया एंड एनीमेशन ट्रेड के विद्यार्थियों की चार दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग होगी। हारट्रोन परिसर में कम्प्यूटर व मीडिया एंड एनीमेशन के विद्यार्थियों की 91.2 अपना रेडिया स्टेशन में ट्रेनिंग हुई। रेडियो जॉकी ने विद्यार्थियों को बताया कि रेडियो स्टेशन में किस प्रकार से मनोरंजन, समाचार व शिक्षा ज्ञान आदि बातों का प्रचार किया जाता हैं। ट्रेनर ने मीडिया एंड एनीमेशन के विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार से रेडियो स्टेशन का संचालन होता है और इसमें किसकी क्या भूमिका आदि बातों पर विस्तार से चर्चा की। आवाजों को कैसे काम होता हैं, कंट्रोल, मिक्सर कैसे क्या क्या प्रोग्राम होते है। उन्होंने बताया कि रेडियों तरंगों को एक इलैक्ट्रॉनिक उपकरण द्वारा कृत्रिम रुप से उत्पन्न किया जाता हैं, जिसे ट्रांसमीटर कहा जाता हैं, जो एंटीना से जुड़कर तरंगों को विकीर्ण करता हैं और रेडियों रिसीवर से जुड़े एंटीने से प्राप्त सिग्नल को संसाधित करता हैं। वहीं रिटेल मार्केटिंग के विद्यार्थियों को विशाल मेगा मार्ट में ट्रेनरों द्वारा ग्राहकों को उत्पादों या सेवाओं के प्रति आकर्षित करने की मार्केटिंग रणनीति समझाई। उन्होंने बताया कि प्रोडेक्ट्स को किस प्रकार से रखा जाता हैं, कैसे ग्राहक से जुड़ना हैं, ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाना, ग्राहकों को अपने ब्रांड से जोड़ना, ऑनलाइन मार्केटिंग, त्योहारी ऑफर, छूट व थोक आर्डर पर मूल्यों में कमी दिखाकर अपनी को आर्कषित करना आदि बातों की चर्चा की। वहीं आईटी विभाग के विद्यार्थियों को हारट्रोन संस्था में कम्प्यूटर क्षेत्र सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर संबंधी जानकारी सांझा की।

## खबर संक्षेप

### विश्व जल दिवस पर किया जागरूक

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में आदर्श महिला महाविद्यालय में विश्व जल दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को समझाना और आमजन को इस दिशा में जागरूक करना था।

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि विश्व में जल दिवस बनाने का उद्देश्य पानी के महत्व व विवेकपूर्ण उपयोग के लिए जागरूकता फैलाई जा सके।

### सुचारू रूप से हुई परीक्षा संचालितः अध्यक्ष

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) गृह विज्ञान एवं डी.एल.एड.(रि-अपीयर/मर्सी चांस) विषय की परीक्षा में आज प्रदेशभर में केवल अनुचित साधन प्रयोग के 02 मामले दर्ज किए गए। संचालित हुई परीक्षा बिना किसी हस्तक्षेप के शान्तिपूर्वक ढ़ंग से संचालित हुई। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार के स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला-रोहतक के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया तथा बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार के उडऩदस्ते द्वारा जिला-भिवानी के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

### एसडीएम समिति की समीक्षा बैठक की

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मनोज दलाल ने कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनुसूचित जाति व जनजाति पर अत्याचार से संबंधित मामलों में पीड़ित व्यक्ति को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम ने एजेंडा के तहत रखे गए विचाराधीन मामलों पर सुनवाई कर जानकारी प्राप्त की और गहनता से विचार विमर्श किया।

### आस्था स्पेशल स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

# डाउन सिंड्रोम बच्चों की ऊर्जा को उबारने की जरूरत : डॉ. कुलश्रेष्ठ

लगभग हर 700 बच्चों में से 1 को प्रभावित करता है, सिंड्रोम का नाम जॉन लैंगडन डाउन के नाम पर रखा गया है



**भिवानी।** विद्यार्थियों को डाउन सिंड्रोम दिवस की जानकारी देते डॉ. तरूण कुलश्रेष्ठ व प्राचार्या सुमन शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*



**भिवानी।** प्रयास स्पेशल स्कूल में अतिथियों के साथ विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डाउन सिंड्रोम दिवस के उपलक्ष पर दिव्यांग बच्चों के बीच कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने इस विषय पर विस्तार से बताया कि ये बच्चे वास्तव में ऊर्जावान होते हैं और हमें इनकी ऊर्जा को पहचान कर उभारने की आवश्यकता है। इस विषय को विस्तारपुर बताते हुए कहा कि डाउन सिंड्रोम संज्ञानात्मक और शारीरिक लक्षणों के एक समूह का वर्णन करता है, जो गुणसूत्र 21 की एक अतिरिक्त प्रतिलिपि या प्रतिलिपि के एक भाग के परिणामस्वरूप उत्पन्न होता है।

गुणसूत्रों में वे जीन होते हैं जो शरीर को कुछ खास तरीकों से विकसित होने और कुछ खास कार्य करने के लिए कहते हैं। मानव शरीर की अधिकांश कोशिकाओं में 23 जोड़े गुणसूत्र होते हैं, प्रत्येक माता-पिता से गुणसूत्रों का एक सेट कुल 46 गुणसूत्रों के लिए डाउन सिंड्रोम वाले लोगों में गुणसूत्र 21 की पूरी या आंशिक अतिरिक्त प्रतिलिपि होती है, कुल 47 गुणसूत्रों के लिए। विशेष वक्ता डॉक्टर तरुण कुलश्रेष्ठ ने बताया कि डाउन सिंड्रोम आनुवंशिक स्थिति है, जो गुणसूत्रों में असामान्यता के कारण होती है। इसे ट्राइसोमी 21 भी कहते हैं, यह जन्म दोषों का एक आम कारण है। डाउन सिंड्रोम के कारण शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की समस्याएं हो सकती हैं। डाउन सिंड्रोम एक आनुवंशिक स्थिति है, जो कोशिका विभाजन के दौरान गुणसूत्रों के जोड़े को दोहराने और फिर विभाजित करने की प्रक्रिया में त्रुटि के कारण होती है, जिसके परिणामस्वरूप माता-पिता से गुणसूत्र 21 की एक डाउन सिंड्रोम की जांच के लिए गर्भावस्था के 10 से 13 सप्ताह के बीच फर्स्ट ट्राइमेस्टर टेस्ट किया जाता है, इस टेस्ट का उपयोग ओपन न्यूरल ट्यूब दोषों की जांच के लिए नहीं किया जाता है। यह आपके बच्चे की अल्ट्रासाउंड जांच से प्राप्त जानकारी को मातृ रक्त विश्लेषण के साथ जोड़ता है। डाउन सिंड्रोम बौद्धिक विकलांगता का सबसे आम आनुवंशिक कारण है, जो लगभग हर 700 बच्चों में से 1 को प्रभावित करता है, जिसका नाम जॉन लैंगडन डाउन के नाम पर रखा गया है, जो ब्रिटिश चिकित्सक थे, जिन्होंने 1866 में पहली बार डाउन सिंड्रोम के लक्षणों को पहचाना था।

### जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताए डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों की देखभाल के तरीके

**भिवानी।** पुराना बस स्टैंड स्थित प्रयास स्पेशल (दिव्यांग) स्कूल में वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके बाद स्कूल की विशेष छात्रा पूजा, जो स्वयं डाउन सिंड्रोम से ग्रसित थी और कल बीमारी के चलते निधन हो गया, उसे सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। प्राचार्या संस्कृति जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जाने-माने बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राज महता और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. साक्षी भारद्वाज ने डाउन सिंड्रोम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम डाउन सिंड्रोम के प्रति जागरूकता फैलाने और विशेष बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक सकारात्मक पहल साबित होते है। डॉ. राज ने बताया कि डाउन सिंड्रोम एक अनुवांशिक (जेनेटिक) विकार है, जो गर्भावस्था के दौरान किए गए मेडिकल टेस्ट द्वारा पहचाना जा सकता है। उन्होंने माता-पिता को बताया कि डाउन सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों की विशेष देखभाल कैसे करें और समाज में उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। डॉ. साक्षी भारद्वाज ने कहा कि स्पेशल बच्चों के लिए योग्य स्टाफ (स्पीच थेरेपिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, वोकेशनल ट्रेनर, ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट) मिलकर कार्य करें तो इन्हें पुनर्वास किया जा सकता है। उन्होंने मेडिकल सुविधाओं की आवश्यकता पर भी बल दिया और माता-पिता को ये समझाया कि दवाइयों से डरने की जरूरत नहीं है।स्कूल की शिक्षिकाएं मोनिका, सुशीला व मधु ने बच्चों की देखभाल से संबंधित प्रश्न पूछे। इसके अलावा सीबीएलयू से आए इंटर्न छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## न्यूज डायरी

### एसडीएम व सीटीएम ने किया केंद्रों का निरीक्षण



**चरखी दादरी।** बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के बाह्य हस्तक्षेप को रोकने और परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करने को लेकर एसडीएम आशीष सांगवान व सीटीएम जितेन्द्र ने विभिन्न स्कूलों में संचालित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने का आह्वान किया। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में बाधा डालने वालों या किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल 12वीं कक्षा की परीक्षाएं संचालित हैं। जिला में विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। उपायुक्त मुनीश शर्मा के निर्देशानुसार जिला व उप मंडल स्तर पर उड़नदस्ते बनाए हैं।

### टीआईटी स्कूल में हुआ विद्या आरंभ संस्कार कार्यक्रम



**भिवानी।** टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या आरंभ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में गुरुकुल परंपरा का निर्वहन करते हुए आरंभिक दिवस पर 101 बच्चों का नवपंजीकरण किया। कार्यक्रम में हवन पूजन कर बगला मुखी माता के साधक व भारत माता मंदिर के अध्यक्ष महंतश्री माईजी महाराज व महंतश्री ओमनाथ महाराज ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अपने आप में एक ऐसा विद्यालय है जो प्राचीन व गुरुकुल परंपराओं व संस्कारों की नींव अपने विद्यार्थियों को प्रदान करता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीपी कौशिक एवं समस्त स्टाफ मेम्बर्स उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना सशक्त प्रयास

**चरखी दादरी।** सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, टपरीवास जाति के लाभार्थियों जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक होगी, उनकी बेटियों के विवाह पर 71 हजार अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों की बेटियों के विवाह पर 41 हजार अनुदान राशि दी जाती है।

### जिले व उपमंडल पर लगाए जा रहे समाधान शिविर

**चरखी दादरी।** जिला व उपमंडल स्तर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर प्रतिदिन समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम आशीष सांगवान व सीटीएम जितेन्द्र ने लघु सचिवालय सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनी और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किए जा रहे हैं। अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शिविर के तहत एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का निपटारा करवाया जा रहा है। जिला मुख्यालय के साथ-साथ उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक शिविर लगाए जा रहे हैं।

### शिकायतों का मौके पर ही निपटान करने का प्रयास करें

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा करने का हरसंभव प्रयास करें। यदि शिकायत को हल करने में समय लगता है, तो शिकायतकर्ता को प्रक्रिया की पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें और शिकायत बारे अपडेट भी दें। डीसी कौशिक शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका अति शीघ्र समाधान करें। जो भी शिकायतें लंबित हैं, उनको प्राथमिकता के साथ निपटा कर पोर्टल पर जरूर अपडेट करें। अधिकारी समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना करें। समाधान शिविर में तोशाम निवासी महावीर व बड़सी निवासी विजय ने अवैध कब्जा हटवाने बारे, कितलाना निवासी नवीन ने नौकरी देने की एवजे में साढ़े चार लाख रूपए की ठगी करने बाबत, सीमा ने आवास योजना का लाभ दिलवाने बारे व अमिता कुमारी ने विधवा पेंशन बनावाने बारे समस्या डीसी के समक्ष रखी। समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी आशीष मान, सुनील रंगा मौजूद रहे।



**भिवानी।** अतिथियों व कोचों के साथ खिलाड़ी। *फोटो :हरिभूमि*

### कैथल व सब जूनियर में जींद की टीम विजेता

**भिवानी।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा कलिंगा स्थित स्कूल में राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप करवाई गई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ शुक्रवार को बतौर मुख्यतिथि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह ने किया और विशिष्ट अतिथि स्कूल की रेणुका शर्मा, चंडीगढ़ नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास शर्मा, नेटबॉल एसोसिएशन भिवानी के अध्यक्ष पवन कौशिक, हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान हरिओम कौशिक, भिवानी नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव सोनम पहुंचे तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप की तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाइव नेटबॉल चैंपियनशिप, तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाइव नेटबॉल चैंपियनशिप तथा पहली सब जूनियर हरियाणा स्टेट मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप का आगाज हुआ, जिसमें तीसरी सीनियर स्टेट फास्ट फाइव नेटबॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में कैथल ने पानीपत को 23-13 के अंतर से तथा रेवाड़ी ने हिसार को 24-15 के अंतर से हराया। वहीं महिला वर्ग में कैथल ने पानीपत को 20-11 के अंतर से हराया तथा झज्जर ने पंचकूला को 25-16 के अंतर से हराया। तीसरी सब जूनियर स्टेट फास्ट फाइव के लड़कों के वर्ग में जींद ने रिवाड़ी को 22-9 के अंतर तथा रोहतक ने हिसार को 27-14 के अंतर से हराया। लड़कियों के वर्ग में कैथल ने पानीपत को 25-10 के अंतर से हराया।

# आर्गेनिक उत्पादकों व उपभोक्ताओं के बीच मजबूती कड़ी बनेगा केवाईसी : बेनिवाल

- आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कल होगा किसान वसंत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में बातचीत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान युवा क्लब द्वारा 23 मार्च को भगत सिंह चौक नजदीक स्थित मेला ग्राऊंड में किसान वसंत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ना केवल हरियाणा, बल्कि, पंजाब व राजस्थान सहित अन्य राज्यों के किसान भी जुटेंगे। यह बात किसान किसान युवा क्लब के संस्थापक राकेश बेनिवाल ने विद्या नगर स्थित केवाईसी मुख्यालय पर बातचीत के दौरान कही। केवाईसी संस्थापक राकेश बेनिवाल व विनीत पिलानिया ने बताया कि किसान बसंत महोत्वस में किसान युवा क्लब ना केवल हरियाणा, बल्कि पंजाब, राजस्थान सहित अन्य राज्यों के आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को भी एक मंच पर लाकर आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने की मुहिम तेज करने की दिशा में कार्य कर रहा है तथा इसी उद्देश्य के साथ 23 मार्च को सांय 4 से 8 बजे तक मेला ग्राऊंड में किसान वसंत महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आर्गेनिक खेती को लेकर परिचर्चा की जाएगी। बेनिवाल व पिलानिया ने कहा कि आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसान युवा क्लब द्वारा एक ऐप भी लांच किया जाएगा, जिसके माध्यम से जिसके माध्यम से पता लगेगा कि उस व्यक्ति के नजदीक आर्गेनिक खेती करने वाले किसान कौन है, उस किसान की पूरी जानकारी केवाईसी ऐप पर मिलेगी।

### छुरी से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने व्यक्ति पर छुरी से हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अमित निवासी बवानी खेड़ा ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 31 जनवरी को अपने भाई की दुकान पर बैठा हुआ था। जहां पर सतीश पुत्र औम प्रकाश निवासी बवानी खेड़ा दुकान पर आया और किसी बात को लेकर बहस होने पर आरोपी सतीश ने शिकायतकर्ता के ऊपर छुरी से हमला कर दिया था, जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बवानी खेड़ा में दर्ज किया था। थाना बवानी खेड़ा के सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने व्यक्ति पर छुरी से हमला करने के मामले में आरोपी को बवानी खेड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# 'मेरा जूता है जापानी' व 'रंगीलो म्हारो डोलना'गीतों पर झूमे विद्यार्थी

- मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप व उपहार देकर किया सम्मानित
- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी।

लिटिल हार्टस हालुवास गेट एवं देवसर की छठी तथा लिटिल हार्टस कान्वेंट स्कूल की तृतीय कक्षा का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह बाबा जहरगिरि मन्दिर के श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य एवं स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर डीईओ सुभाष भारद्वाज व नप चैयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह बतौर मुख्यतिथि तथा ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रूपेन्द्र रंगा, डॉ. राकेश भारद्वाज, विजय किशन सर्राफ, राकेश कटारिया एडवोकेट, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान रामअवतार शर्मा, अमित डागर, यतिंद्र नाथ बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती, भगवान श्रीगणेश व लडुवे गोपाल के सम्मुख द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। ग्रुप के महासचिव संजय गोयल व प्रबंध निदेशक पवन गोयल ने बताया कि कक्षा सातवी व आठवी की छात्राओं भूमि, ओजस्वी, मानवी, आशी, प्रियांशी, खुशी द्वारा मनमोहक रूप में स्वागत गीत व गणेश वंदना प्रस्तुत की। स्कूल के प्रधान त्रिलोकचंद गोयल ने अतिथियों का स्वागत किया। तीनों स्कूलों के लगभग 700 बच्चों ने स्कॉलरशिप ग्रहण की।

### पुस्तकालय नशामुक्त जीवन के लिए रामबाण औषधिः एसपी

# तिवाला में स्थापित ग्रामीण पुस्तकालय का उद्घाटन

- पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** पुस्तकालय का उद्घाटन करते एसपी अर्श वर्मा।

पुस्तकों में ज्ञान की चेतना युक्त देवता निवास करते हैं, वह स्थान मंदिर समान है, ये उद्गार गांव तिवाला में स्थापित ग्रामीण पुस्तकालय में महिला विंग के उद्घाटन पर पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने व्यक्त किए। ग्रामीण पुस्तकालय तिवाला महिला विंग का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, सरपंच अनिल कुमार, अशोक कुमार किसान क्लब अध्यक्ष,सरजीत, मास्टर सुनील कुमार पुस्तकालय संयोजक, राजवीर सिंह पुस्तकालय प्रबंधक, विकास सरपंच मैहड़ा ने किया।

उन्होंने ग्रामीण स्तर पर किसान क्लब द्वारा स्थापित ग्रामीण पुस्तकालय की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को तिवाला गांव के लोगों ने सही मायने में चरितार्थ किया है। एसपी ने युवाओं से नशे व ड्रग्स से बचने की अपील करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के युग में सफलता प्राप्त करने का आधार पुस्तकालय है, क्योंकि आज के युग में शिक्षा के बिना मनुष्य अधूरा है जो शिक्षा संस्कारित भी बनाए और प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता दिलाए। यह तभी संभव है जब हम अधिक से अधिक समय पुस्तकालय में व्यतीत करें। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की झोझूकलां-कादमा शाखा प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल साबित होगी ग्रामीण पुस्तकालय की महिला विंग। उन्होंने कहा की पुस्तकालय में परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ कुछ समय मेडिटेशन के लिए निकालें जिससे मन एकाग्र होता है, एकाग्र मन से की गई तैयारी प्रतियोगिता के युग में सफलता दिलाती है। उन्होंने कहा कि मोबाइल का सदुपयोग सकारात्मक रूप से करना चाहिए, क्योंकि मोबाइल जितना हमारा मित्र है, उससे कहीं ज्यादा दुश्मनी निकालता है, अगर उसका नेगेटिव प्रयोग करें तो अनेक मानसिक बीमारियों की गिफ्ट के साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को जन्म देता है। अपनी शक्ति को सकारात्मक कार्य में लगाना चाहिए पुस्तकों से प्रेम करना चाहिए पुस्तक हमें अंदर से जगाती हैं। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हरपाल आर्य एवं सुरेंद्र आर्य चंदेनी ने कहा कि हमें पुस्तकों को रद्दी में नहीं बेचना चाहिए बल्कि पुस्तकालय में स्थापित पुस्तक बैंक में जमा करवानी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### श्रीराम पाठशाला में नए भवन का लोकार्पण आज

**भिवानी।** रामबाग के नजदीक निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने वाली श्रीराम पाठशाला में मुख्य द्वार व नौ कमरों के ब्लॉक का शनिवार 22 मार्च को लोकार्पण किया जाएगा। श्रीराम पाठशाला चौरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि आज प्रातः 9 बजे हवन यज्ञ के साथ लोकार्पण होगा और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख उद्योगपति धर्मेश शाह बतौर मुख्यतिथि होंगे।

### मोबाइल फोन छिनने का आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने फैक्ट्री कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दुर्गेश निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवासी पटेल नगर भिवानी ने मोबाइल फोन छीनने की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसी मामले में थाना सिविल लाइन भिवानी के सहायक उप निरीक्षक रामदिया ने फैक्ट्री कर्मचारी का मोबाइल फोन छिनने के मामले में आरोपी को हुडा पार्क भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान अभय सिंह पुत्र योगेश निवासी न्यू उत्तम नगर, बाटा कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई है।

### मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने पकोड़े की दुकान संचालक की दुकान में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। धर्मेंद्र निवासी जीतू वाला जोहड़ भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भागीरथ , विनोद व सोहन निवासी जीतू वाला जोहड भिवानी के रूप में हुई है।

### भेड़ चोरी के मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना बहल पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि रात को उनके भेड फार्म से चोर ने जाली तोड़कर उनकी भेड चोरी करके ले गए। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमदा पुत्र राजू निवासी दिनोद हाल निवासी बहल के रूप में हुई है।

### चोरी का एक आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सिवानी पुलिस ने अपने ही दोस्त के मकान में आभूषण की चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अजय निवासी सिवानी ने थाना सिवानी पुलिस को घर में चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अनिल निवासी विकास नगर बहादुरगढ़ हाल निवासी शास्त्री नगर हिसार बाईपास जिला रोहतक के रूप में हुई है।

पार्क की पगडंडी भी नहीं चलने लायक, गंदगी के लगे ढेर

# हुडा पार्क बदहाल, वेटरन संगठन भिवानी ने उठाई समाधान की मांग

सफाई के अभाव में पार्क में उगी घास में जहरीले जीवों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

शहर का प्रमुख पार्क हुडा पार्क पिछले लंबे समय से बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। कभी परिवारों और बच्चों से गुलजार रहने वाले ये पार्क अब गंदगी, टूटी हुई बेंचों और उखड़ी हुई पगडंडियों से भरा पड़ा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा, जिससे पार्कों की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। हालात ये बने है कि पार्क की पगडंडियां चलने लायक भी नहीं बची है। कई बार इन पगडंडियों में बने गड्ढों की वजह से लोग चोटिल तक हो चुके है। यही स्थिति पानी की है। न तो पार्क में पानी की सप्लाई हो पा रही है। जिस वजह से पार्क का घास सूखने लगा और सुबह शाम के वक्त घुमने वाले लोगों के लिए बनाई गई पानी की टंकियों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके चलते लोगों को अनेक तरह की समस्याओं से जुझना पड़ रहा है।





**भिवानी।** पार्क की टूटी पगडंडी का दृश्य व टूटी पानी की टंकी का दृश्य।

दूसरी तरफ पार्क की बदहाली अवस्था को सुधारने की मांग सामाजिक संगठनों ने उठानी आरंभ कर दी। इसी क्रम में वेटरन संगठन भिवानी के पदाधिकारियों ने एक बार फिर से प्रशासन से हुडा पार्क की बदहाल स्थिति सुधारने की तरफ कार्य किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त समस्याओं के समाधान की मांग कई बार जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के समक्ष उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि पार्क बच्चों और बुजुर्गों के लिए जरूरी हैं, लेकिन उनकी हालत देखकर अब लोग यहां आना ही बंद कर रहे है। उन्होंने कहा कि पार्क के स्थिति इस कदर बदहाल है कि यहां पर नागरिकों की बजाए बेसहारा पशुओं का जमावड़ा अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि शहर के पार्कों की यह बदहाली लोगों को निराश कर रही है, और वे चाहते हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द इस पर ध्यान दे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता, तो संगठन विरोध प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

### सफाई न होने से स्वचछता को लग रहा है ग्रहण

वेटरन संगठन भिवानी के जिला प्रधान सूबेदार मेजर विरेंद्र सिंह ग्रेवाल बामला व उपप्रधान फौजी रामकुमार सिपर ने कहा कि हुडा पार्क में जगह-जगह गंदगी फैली रहती है, पार्क में लगी घास भी बढ़ चुकी है जिससे सांप और अन्य जहरीले जीवों का खतरा बढ़ गया है, टॉयलेट सफाई व्यवस्था से महरूम है, बच्चों के खेलने के झूले व बैंच टूटे पड़े है, रात के समय लाईटों की कोई व्यवस्था नहीं है, पार्क की रैलिंग टूटी पड़ी है, पानी के अभाव में पेड-पौधें सूखे पड़े है, हुडा पार्क की रैलिंग टूटी पड़ी है जिसके कारण बेसहारा पशुओं का पार्क में जमावड़ा लगा रहता है, योगा करने वाले स्थान की छत टूटी है जहां बारिश में पानी टपकता है।

# निपुण एप पर मूल्यांकन रिपोर्ट नहीं हो रही अपलोड

- विद्यार्थियों को परीक्षा में गैर हाजिर दिखाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भले ही शिक्षा विभाग हाइटेक होने के लाख दावे कर रहा हो,लेकिन हकीकत कोसों परे है। इसका नमूना पहली से लेकर तीसरी क्लास तक के विद्यार्थियों की परीक्षा का मूल्यांकन निपुण हरियाणा ऐप(पोर्टल) पर देखने को मिल रहा है। तमाम प्रयासों के बावजूद उक्त ऐप पर विद्यार्थियों की मूल्यांकन रिपोर्ट लोड नहीं हो पा रही। निर्धारित दो दिनों की समयावधि के दौरान रिपोर्ट लोड न होने की वजह से विद्यार्थियों को परीक्षा में गैर हाजिर दिखाया जा रहा है। बताते हैं कि प्राइमरी स्कूलों की पहली से लेकर तीसरी कक्षा तक के बच्चों की निपुण ऐप के जरिए परीक्षा करवाई जा रही है। उसी पर परीक्षा की मूल्यांकन रिपोर्ट भी अपलोड की जा रही है। पहले दिन(17 मार्च) परीक्षा के लिए निपुण ऐप पर सही ढंग से प्रशनपत्र खुला और बच्चों से सवाल पूछे गए। उन सवालों के जवाब निपुण ऐप पर लोड भी किए गए। 17 मार्च के दिन ऐप पर प्रशनपत्र खुले भी और जवाब लोड भी हुए,लेकिन अगले दिन ऐप ने जवाब देना आरंभ कर दिया। इस दिन एक क्लास के आधे से भी कम बच्चों के जवाब ऐप पर लोड हो पाए। यही स्थिति 19 व 20 को रही। 21 को सुबह सवेरे ऐप पर प्रशनपत्र खुला,लेकिन बच्चों के जवाब ऐप पर लोड नहीं हो पाए। समय खत्म होते ही मैथ विषय विषय का प्रशनपत्र बंद हो गया।



परीक्षा के दौरान ऐप पर खुले प्रशनपत्र में से सवाल पूछता एक शिक्षक।

### मन्युवल मूल्यांकन किए जाने की व्यवस्था होनी चाहिए: चाहर

हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि पोर्टल की बजाए मन्युवल ही बच्चों का ज्ञान जांच जाए। उनकी लिखित व मौखिक परीक्षा शिक्षक अपने स्तर पर करवाए। क्योंकि पोर्टल व ऐप पर मूल्यांकन रिपोर्ट लोड करना सर्वर डाऊन या अन्य किसी तकनीकी अड़चन की वजह है। फिलहाल सर्वर डाऊन की वजह से एक क्लास की परीक्षा दो दिन में भी पूरी नहीं हो पा रही है। इस दौरान कुछ बच्चे परीक्षा देने से भी वंचित रह गए। जिनको पोर्टल पर गैर हाजिर दिखा रहा है।

### रिपोर्ट लोड नहीं हुई तो माने जाएंगे गैरहाजिर

खैर अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिन बच्चों की ऐप पर मूल्यांकन रिपोर्ट लोड नहीं हुई है। उन बच्चों की मूल्यांकन रिपोर्ट लोड करने के लिए दोबारा ऐप पर प्रशनपत्र ओपन किया जाएगा,लेकिन फिलहाल जो बच्चे रह गए है। उनको ऐप पर गैर हाजिर दिखाया जा रहा है।

## एचडी विद्यालय बिरोहड़ में सिल्वर जोन ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन



**चरखी दादरी।** एचडी विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक योग्यता की परख हेतु सिल्वर जोन ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवी से 10वीं तक के 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया,जिसमें इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड, इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड व इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलंपियाड के विषयों को शामिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए सभी चरणों में शानदार प्रदर्शन किया व सर्टिफिकेट प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता की परख एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। इन ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों को अपने विषयों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है।

## विद्यार्थियों को विश्व जल दिवस की जानकारी दी

**लोहारू।** उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति लोहारू के द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार के दिशा निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविधालय में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता सूबे सिंह ने छात्र छात्रों को विश्व जल दिवस की महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# बैंक में ऋण मुक्ति शिविर का किया आयोजन

- ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की स्कीमों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की सिंघानी शाखा में एक दिवसीय ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष संजीव कुमार धूपर, क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार और शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह शामिल रहे और उपभौक्ताओं के साथ विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। वरिष्ठ प्रबंधक कृष्ण सिंह के संयोजन में आयोजित शिविर में उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष संजीव कुमार धूपर ने पुराने ऋण के एकमुश्त निपटान (ओटीएस) की योजना के महत्व और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना 29 मार्च 2025 तक लगी रहेगी। उन्होंने बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, पशु क्रेडिट कार्ड, व्हीकल लोन, उद्योग लोन और व्यापारियों के लिए जीएसटी एक्सप्रेस स्कीम तथा ट्रेड ग्रोथ स्कीम के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तार से बताया।

# विधायक ने सीएम को सौंपा मांगपत्र

- प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार जो कहती है, उसे पूरा भी करती है : विधायक सुनील सांगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

भाजपा के दादरी विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि जो प्रदेश की भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव में संकल्प पत्र जारी कर जनता से वादे किये थे, वे अधिकांश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पहले ही बजट में पूरे कर वायदा निभाया है। प्रदेश की ट्रिपल इंजन सरकार जो कहती है, उसे पूरा भी करती है। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से पेश किए गए बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, व्यापारी व कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। विधायक ने कहा कि पूरे प्रदेश के अलावा चरखी दादरी जिला में अनेक सौगात देकर क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने की पहल की है। विधायक सांगवान ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और नहरी पानी को लेकर मांगपत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने सीएम से चरखी दादरी क्षेत्र में खेती व पेयजल के लिए पानी की क्षमता बढ़ाने की मांग उठाई। सीएम द्वारा उनको आश्वासन दिया कि चरखी दादरी क्षेत्र में नहरी पानी पूरा उपलब्ध करवाया जाएगा। विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि दादरी हलका की नहरों में पानी कम आने से खेती के अलावा पेयजल की समस्या बन रही है। वहीं गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर सीएम से मुलाकात कर मांगपत्र सौंपा है। मुख्यमंत्री ने मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में नहरी पानी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।



**चरखी दादरी।** सीएम को मांग पत्र देते विधायक सुनील सांगवान।

# युवा शक्ति के दम पर विकसित भारत की संकल्पना होगी साकार: वीसी

- चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भारत विश्व का सबसे युवा एवं सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है। 37 करोड़ युवा शक्ति के दम पर विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी यह विचार कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहे। कुलपति ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आज समय की मांग है। चुनाव में हमारा बड़ा बजट और मशीनरी लगती है। इस बजट,मशीनरी और एनर्जी की बचत करके इसे हम जनकल्याण एवं विकास योजनाओं पर लगाकर संपन्न एवं विकसित राष्ट्र में लगा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के आयोजन का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति युवाओं को जागरूक करना,उन्हें सक्षम बनाना तथा उनकी स्वच्छ राजनीति में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है और देस के माननीय प्रधानमंत्री इस युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण एवं विकसित भारत में लगाना बखूबी जानते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जागरूक नागरिक बनें, राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानते हुए राजनीति में अधिकतम भागीदारी करते हुए सही जनप्रतिनिधि चुनें ताकि भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो। कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं का व्यक्तित्व विकास होता है।




एकत्रित युवाओं को संबोधित करती कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT

मकान न. 4, पटेल नगर,
सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863

गत 23 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था

Green Meadows
SR. SEC. SCHOOL
Charkhi




WE'RE HIRING
JOIN OUR TEAM NOW!

2025-26
ADMISSION
OPEN

- Principal ( 10 years experience, Ladies preferred)
  Fluency in English Salary No bar
- PGT - (30000 P.M.) *Experience- 5 Years
  Physics, Chemistry, Maths, Geography, Biology, English, Hindi, History, Political Science, S.K.T., Economics
- TGT - (20000 P.M.) Experience- 5 Years
  English, Maths, Science, S.S. (Eng. Medium), S.K.T., Computer, Drawing
- JBT - 2 (18000 P.M.)
- Mother Teacher- 3 (15000 P.M.)
- Conductor for all routes
- Driver for all routes
- Mali - 1

Fresher can also apply.
Selected candidate will be called for interview.
Last Date - 25th March 2025

Submit CV at - greenmeadows2779@gmail.com
OR WhatsApp- 8053712244